सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक- 19.06.2024

- **माननीय मुख्यमंत्री उ0प्रदेश द्वारा दिये गये आदेशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे इटावा पुलिस द्वारा अवैध पार्किंग, हूटर सायरन/प्रेशर हॉर्न,लाल - नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म इत्यादि लगे दुपहिया व चारपहिया वाहनो के विरुद्ध की गयी कार्यवाही।**
- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी चकरनगर/यातायात व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे जनपदीय पुलिस, ईओ, आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया चैकिंग अभियान।**

संक्षिप्त विवरणः-

मानीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम मे आज दिनांक 19.06.2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चकरनगर/यातायात श्री नागेंद्र चौबे, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमित कुमार सिंह के नेतृत्व मे थाना सिविल लाइन व थाना कोतवाली पुलिस, ईओ, आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा अवैध पार्किंग स्थलों, अवैध ऑटो पार्किंग, अतिक्रमण तथा ब्लैक फिल्म, हूटर सायरन/प्रेशर हॉर्न, लाल नीली बत्ती, दो पहिया/चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स, उ0प्र0 शासन एवं भारत सरकार लिखे जाने , बिना हेलमेट/ सीट बेल्ट इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत ग्वालियर बस स्टैण्ड, शास्त्री चौराहा इत्यादि पर सघन चैकिंग/कार्यवाही की गयी।

अभियान के दौरान 18 वाहनो का चालान कर कुल 1,25,000 /- शमन शुल्क वसूला गया एवं वाहनों से प्रेशर हार्न,हूटर एवं ब्लैक फिल्म उतरवायी गयी तथा जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

चैकिंग अभियान टीमः –

क्षेत्राधिकारी चकरनगर/यातायात श्री नागेन्द्र चौबे, श्रेत्राधिकारी नगर श्री अमित कुमार सिंह, निरीक्षक श्री यशवंत सिंह, निरीक्षक श्री विक्रम सिंह चौहान, ईओ श्री विनयमणि कुमार त्रिपाठी व आरटीओ श्री बृजेश कुमार मय टीम।